सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
6250	13.08.2021	13.08.2021	Rewa Madhya Pradesh	www.bhaskar.com/Hindi https://www.bhaskar.com/local/mp/rewa/news/24-villagers-sick-after-eating-wild-mushroom-vegetable-in-rewa-district-128807696.html
Title:	**24 fall sick after eating mushroom in Rewa district, Madhya Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU- Rewa, SSU- Madhya Pradesh			

रीवा जिले के शाहपुर थाना अंतर्गत बिछरहटा गांव के दो दर्जन ग्रामीण जंगली मशरूम की सब्जी खाने से बीमार हो गए। तबियत बिगड़ने पर बच्चे से लेकर बुजूर्ग तक अस्पताल में भर्ती है। यहां बीती शाम जंगल में बांस के पेड़ पर लगे मशरूम को तोड़कर बच्चे घर ले गए थे।

तब महिलाओं ने मशरूम की मसालेदार सब्जी बनाई। इस सब्जी को परिवार के लोगों ने बड़े चाव से खाया। लेकिन कुछ देर बाद तबियत बिगड़ने लगी। उल्टी-दस्त की शिकायत होने पर सभी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि समय रहते उपचार शुरू हो जाने से सभी खतरे से बाहर हैं।

सूत्रों की मानें तो जंगल से लेकर आए मशरूम की सब्जी को घर के सदस्यों के साथ पड़ोसियों को भी खिलाई गई। सब्जी का सेवन करने के बाद एक-एक कर लोगों की तबियत बिगड़ने लगी। जिस पर बुधवार की रात में सभी को मऊगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

फूड प्वाइजनिंग से अचाकर परिवार के लोगों के बीमार होने की घटना से बिछरहटा गांव में हड़कंप मच गया। आनन फानन में स्थानीय प्रशासन को सूचना देने के बाद परिजनों ने अपने स्तरे से अस्पताल में ग्रामीणों को भर्ती कराया है।

जहरीले होते है जंगली मशरूम

फूड प्वाइजनिंग की घटना को लेकर डॉ. श्रवण पटेल ने बताया कि जंगलों में पाए जाने वाले कुछ मशरूम जहरीले होते हैं, जिनमें बैक्टीरिया पाए जाते हैं। इनके सेवन से फूड प्वाइजनिंग हो जाती है। संभवत: ऐसे ही मशरूम का सेवन किया है, जिससे तबियत खराब हो गई। वहीं अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजनों ने कहा कि किसी ने सोचा भी नहीं था कि जंगल से लाए गए मशरूम की सब्जी का सेवन करने से फूड प्वाइजनिंग हो जाएगी। वरना हम सब लोग क्यों खाते। हालांकि ईश्वर की कृपा से सब लोगों के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है।

इनको अस्पताल में कराया गया भर्ती

मऊगंज के चिकित्सकों ने बताया कि फूड प्वाइजनिंग में बच्चे सर्वाधिक प्रभावित हुए हैं। जिसमें रागनी केवट 3 वर्ष, गोविंद केवट 16 वर्ष, दुर्गा केवट 3 वर्ष, लक्ष्मी केवट 7 वर्ष, असिता केवट 5 वर्ष, कंचन केवट 14 वर्ष, रेखा केवट 12 वर्ष, कलावती केवट 16 वर्ष, मकसूदन केवट 13 वर्ष, आकांक्षा केवट 7 वर्ष, आचल केवट 14 वर्ष, आरती केवट 13 वर्ष, उर्मिला केवट 12 वर्ष शामिल हैं। इसके अलावा नीतू केवट 35 वर्ष, कविता केवट 25 वर्ष, पंचयती केवट 22 वर्ष, अरुणा देवी केवट 45 वर्ष, सुमित्री केवट 45 वर्ष, सुशीला केवट 38 वर्ष को भी भर्ती कराया गया है।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.
Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर